तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

11 संघ का शताब्दी वर्ष मनाने जुटे स्वयंसेवक



12 ई-रिक्शा पलटने से श्रद्धालुओं को आई हल्की चोट





## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी : महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों का शपथ ग्रहण समारोह 1 को

**कुरूद।** 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर पेंशनर्स एसो. छग प्रदेश के प्रांतीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण पेंशनर्स भवन डिपो रोड कुरूद में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता नपा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर करेंगी। विशेष अतिथि रामकृष्ण मिश्रा संथापक संरक्षक होंगे। यह कर्यक्रम 1 अक्टूबर को रखा गया है। तैयारी में विरेंद्र नाग, राधेलाल चन्द्राकर, मनहरण बैस जुटे हैं।

### प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 6 से

**धमतरी।** बीसीएस शाससकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी संकाय के प्रथम सेमेस्टर स्वाध्याय विद्यार्थियों की प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 6 से 8 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 11 से 12 बजे एवं दोपहर 1 से 2 बजे तक होगी।

### कंडेल में डीजे डांस 6 को

**पुरी।** ग्राम कंडेल में शरद पूर्णिमा पर्व पर 6 अक्टूबर को डीजे डांस प्रतियोगिता होगी। प्रथम पुरस्कार 5000 रु., द्वितीय पुरस्कार 2500 रु., तृतीय पुरस्कार 1500 रु. रखा गया है। बेस्ट डांस, वेशभूषा में भी इनाम रखा गया है। यह जानकारी बसंत एवं पारसमणि ने दी है।

### टैक्सी ड्राइवर और सेल्समेन का मिलेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में महाविद्यालय द्वारा टैक्सी ड्राइवर और रिटेल सेल्स असिस्टेंट (सेल्समेन) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इसके लिए 18 से 45 साल तक की आयु के कम से कम दसवीं पास युवा 6 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

स्वीकृति मिलती है तो इस बार 108 केंद्रों में होगी खरीदी

# धान खरीदी की तैयारी शुरू 8 नए खरीदी केंद्रों का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

इस बार 8 नए धान खरीदी केंद्रों के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। यदि इन केंद्रों को स्वीकृति मिल जाती है तो इस बार कुल 108 केंद्रों में धान की खरीदी होगी। उधर जिला सहकारी बैंक ने खरीदी के लिए प्राथमिक तैयारी शुरू कर दी है। एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर कई प्रकार की समस्याओं को दूर कर लिया गया है। कुछ समस्याएं बाकी है, जिसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा।

जिले में साढ़े तीन लाख एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल में धान की फसल लगी हुई है। खरीफ सीजन में शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाती है, जिसके चलते किसान खरीफ फसल में धान को प्राथमिकता दे रहे हैं। उधर शासन द्वारा भी धान की खरीदी के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। पिछले सीजन में जिले में 100 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी हुई थी। कुछ गांव से धान खरीदी केंद्र की दूरी अधिक है, जिसके चलते वहां के किसानों ने समीप में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग रखी है। इस मांग को देखते हुए जिला प्रशासन ने 8 नए खरीदी केंद्र खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इन खरीदी केंद्रों को स्वीकृति मिलती है तो इस साल कुल 108 केंद्रों में धान की खरीदी होगी।



फाइल फोटो

### ज्वाइंट खाता का शुरू हुआ एग्रीस्टेक पंजीयन

धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन चल रहा है। अब तक 1 लाख 16 हजार 781 किसानों का पंजीयन हो चुका है। उल्लेखनीय है कि ज्वाइंट अकाउंट वाले किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो रहा था। साफ्टवेयर में सुधार के बाद अब पंजीयन शुरू हो गया है। वन पट्टाधारी, डुबान और ट्रस्ट के नाम की जमीन का एग्रीस्टेक पंजीयन अभी भी नहीं हो रहा है।

### इन केंद्रों का प्रस्ताव

जिले के पांच खरीदी केंद्रों का प्रस्ताव पिछले सीजन में भी भेजा गया था, लेकिन शासन से स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। इसमें 3 और खरीदी केंद्रों का नाम जोड़कर इस बार शासन को भेजा गया है। इनमें कुरूद विकासखंड के ग्राम सिलौटी, अटंग, भुसरेंगा, सिंधौरीखुर्द और नगरी विकासखंड के रतावा, टांगापानी सहित रींवागहन और राजपुर में खरीदी केंद्र प्रस्तावित है। इन गांवों से खरीदी केंद्रों की दूरी काफी अधिक है। उम्मीद की जा रही है कि इन केंद्रों को इस बार स्वीकृति मिल जाएगी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने दी कार्यक्रम की जानकारी

# जिले को आईटी हब बनाने स्टार्टअप वीकेंड का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नौकरी के पीछे भाग रहे युवाओं को जॉब प्रोवाइडर बनाने के लिए प्रशासन द्वारा टेकस्टार स्टार्टअप वीकेंड का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में यह अपने तरह का पहला आयोजन है। इसका उद्देश्य धमतरी सहित पूरे प्रदेश को आईटी हब बनाना है। युवा आईटी सेक्टर के अतिरिक्त अन्य सेक्टर से स्टार्टअप कर सकेंगे।

सोमवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ को विश्वस्तरीय आईटी हब और वैश्विक क्षमता केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में धमतरी में टेकस्टार स्टार्ट अप वीकेंड का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्टार्ट अप के लिए प्रोत्साहित करना है और उनके अनोखे व्यवसायिक विचारों को मूर्त रूप देने के लिए आवश्यक सहयोग देना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ, जिला शिक्षाधिकारी, जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा भी भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन विकासगढ़ के संस्थापक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेराज मीर व सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री सानिया शेख के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विकासगढ़ के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मीर ने बताया कि यह केवल एक वैश्विक कार्यक्रम का शुभारंभ नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ में उद्यमिता के एक नए युग की शुरुआत है। कार्यक्रम में टेकस्टार के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे जो छत्तीसगढ़ में उनके दीर्घकालिक जुड़ाव की शुरुआत का प्रतीक होगा। इस कार्यक्रम द्वारा प्रतिभागियों को 54 घंटे का अनुभव प्रदान किया जाएगा, जहां प्रतिभागी भी अपने विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। इच्छुक युवा इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी टीमें बना सकते हैं. प्रोटोटाइप तैयार कर सकते हैं और अपने स्टार्ट अप विजन को विशेषज्ञों के समक्ष रख सकते हैं। टेकस्टार के वैश्विक नेटवर्क और धमतरी जिला प्रशासन के सहयोग से यह पहल धमतरी और पूरे छत्तीसगढ़ को स्टार्ट अप हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



# दुर्घटना : खारुन नदी में बहा पचपेड़ी का युवक अब तक लापता

- तीन दिन बाद भी गोताखोरों को नहीं मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

खारुन नदी के तेज बहाव में बहे भखारा क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ी के युवक का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। धमतरी से पहुंची गोताखोरों की टीम, पुलिस एवं स्थानीय लोग युवक को ढूंढ निकालने 3 दिन तक कड़ी मशक्कत कर चुके, बावजूद कोई सफलता हाथ नहीं लगी। रेस्क्यू ऑपरेशन को रोककर अब केवल पुलिस प्रशासन निगरानी कर रहा है और युवक की बॉडी के बाहर आने का इंतजार कर रहा है। बता दें कि भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ी निवासी टोमेश्वर यादव, पंकज यादव, बबलू साहू, सोहन निषाद चारों दोस्त शनिवार दोपहर को माता का श्रृंगार लेने रानीतराई गए थे। लौटते वक्त करीब 3 बजे सोहन निषाद 30 वर्ष ग्राम निपानी-टिपानी के पास दुर्ग और धमतरी जिले के बीच बहने वाली खारून नदी में नहाने की इच्छा जाहिर कर नदी में उतर गया। नहाते वक्त वह तेज बहाव में अपने आप को संभाल नहीं पाया और खारुन नदी के तेज बहाव का शिकार हो गया।



### घटना की सूचना पर तुरंत पहुंचा बचाव दल

उधर घटना की सूचना परिजनों द्वारा तत्काल भखारा पुलिस को दी गई। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम की मदद से लगातार दो दिनों तक युवक को ढूंढने कड़ी मशक्कत की गई। एसडीआरएफ की टीम रविवार देर शाम वापस हो गई। अब नदी के दोनों छोर में स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों की मदद से केवल निगरानी कर युवक के शरीर के बाहर आने का इंतजार किया जा रहा है। बताया गया है कि गोताखोरों की टीम ने युवक को ढूंढने काफी प्रयास किया। हर उस जगह पर उतरी जहां नदी में बहे युवक के फंसे होने की संभावना थी। बावजूद उन्हें कोई सफलता हासिल नहीं हुई।

### युवक के आगे तक बह जाने की आशंका

भखारा थाना प्रभारी प्रमोद अमलतास ने बताया कि शनिवार शाम करीब 4 बजे सूचना मिली कि सोहन निषाद पिता उत्तम निषाद 30 वर्ष पचपेड़ी निवासी नहाने के लिए खारुन नदी में उतर गया व नदी के तेज बहाव में बहकर ओझल हो गया। उसका अब तक पता नहीं चल पाया है। एसडीआरएफ की टीम अपने एक्सपर्ट गोताखोरों को नदी में उतारकर आधा किलोमीटर तक छान मार डाली पर सफलता नहीं मिली। युवक के तेज बहाव में बहुत आगे निकल जाने की बात को भी नकारा नहीं जा सकता है। फिलहाल अब उनके शरीर के बाहर आने का सबको इंतजार है जिसकी सूचना नदी किनारे वाले गांवों व संबंधित थाना क्षेत्र में भी दे दी गई है। सतत निगरानी की जा रही है।

# ग्यारहवीं की छात्रा ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

अज्ञात कारणों से ग्यारहवीं कक्षा की एक छात्रा ने सिलिंग फेन पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय कोष्टापारा के नंदी चौक निवासी अनुशा यादव पिता सम्पत उम्र 16 वर्ष नूतन स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा थी। रविवार की रात्रि मां सुरेखा यादव व भाई देशमुख यादव गरबा देखने चले गए। इस दौरान छात्रा अकेली थी। रात्रि में मां सुरेखा पहले घर लौट गई। वहीं भाई अपने दोस्तों के साथ गरबा देख रहा था। घर पहुंचकर मां ने फोन पर देशमुख को अनुशा के नहीं हिलने-डुलने की जानकादी दी। उसे मसीही अस्पताल ले जाने की जानकारी दी। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने चेकअप के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया। जांच के बाद डाक्टर ने परिजनों को बताया कि छात्रा के गले में फंदे का निशान है। परिजनों ने घर जाकर देखा तो सिलिंग पंखे की एक पंखुड़ी मुड़ी हुई थी। चौकी पुलिस ने सोमवार को पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। छात्रा द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# 784 नग नशीली दवाइयों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

- मोटरसाइकिल, मोबाइल व हजारों की नशीली दवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

कुरूद पुलिस ने नशीली दवाइयों के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कैप्सूल व टेबलेट के साथ मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक काले रंग की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 ए आर 0433 में ग्राम भाठागांव केनाल रोड से मरौद की ओर नशीली दवाइयों की सप्लाई करने जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मरौद केनाल रोड स्थित बजरंग मंदिर के पास घेराबंदी की। यहां से दोनों संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अजय उर्फ राजा कुर्रे पिता कमलेश्वर कुर्रे उम्र 19 वर्ष एवं डिलेश्वर कुमार उर्फ डिलू यादव पिता हेमंत यादव उम्र 20 वर्ष दोनों ग्राम मरौद निवासी शामिल है। आरोपी राजा कुर्रे कब्जे से SPASMO-PROXYVON PLUS कैप्सूल 48 पत्ता (कुल 384 नग), वजन 147.84 ग्राम, कीमत 4,262.40 रूपये, रेडमी स्मार्टफोन कीमत 3,000 रूपये हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एआर 0433 कीमत 40,000 रूपये एवं डिलु यादव के कब्जे से Nitrosun-10 (Nitrazepam Tablets) 4 पैकेट (40 पत्ता) (कुल 400 नग टेबलेट), वजन 4 ग्राम कीमत 3,120 रूपये, वीवो स्मार्टफोन कीमत 4000 रूपये जब्त किए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 54,382.40 रूपये हैं। दोनों आरोपियों का कृत्य धारा 22(ख) (एनडीपीएस एक्ट) नारकोटिक ड्रग्स एंड सायकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस एक्ट अंतर्गत अपराध की श्रेणी में पाया गया। इन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि धमतरी पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। चिट्टा (हेरोइन), गांजा एवं अवैध शराब जैसे मादक पदार्थों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है।



शासकीय अजजा सेवक विकास संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# महिला आईएएस को अपमानित करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**धमतरी।** छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ने आईएएस तनुजा सलाम को अपमानित करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

संघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि श्रीमती तनुजा सलाम खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरदार वल्लभ भाई पटेल हाकी स्टेडियम साइंस कालेज मैदान रायपुर में संचालक के पद पर पदस्थ हैं। 19 सितंबर को करीब 1 बजे श्रीमती सलाम अपने शासकीय कार्यों में व्यस्त थीं, तभी रायपुर निवासी भावेश शुक्ला अपने कुछ साथियों के साथ बिना सूचना एवं अनुमति के उनके कार्यालय के निजी कक्ष में प्रवेश कर शासकीय कार्यों में बाधा डाला और जोर-जोर से चिल्लाकर श्रीमती सलाम का वीडियो बनाने लगा। भावेश शुक्ला ने अपने को एनएसयूआई का सदस्य बताकर जातिसूचक अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर नौकरी से निकलवाने की धमकी दी। भावेश तथा उनके साथियों ने श्रीमती सलाम की कुर्सी को पीछे धकेल दिया और धक्का-मुक्की करने का प्रयास किया। अधिकारी द्वारा आने का कारण पूछने पर उसे आदिवासी बोलकर इस्तीफा देने को कहा। स्टाफ की मदद से वह अपने आपको बचाकर दूसरे कक्ष में गई। वहां भी भावेश और उनके साथियों ने दरवाजा को धक्का दिया और बाहर बैठकर दो घंटे तक अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर चिल्लाते रहे। इस घटना से श्रीमती सलाम अत्यंत व्यथित एवं भयभीत हैं। मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। संघ ने आईएएस अधिकारी को प्रताड़ित करने वालों को गिरफ्तार कर एट्रोसिटी एक्ट की धारा लगाकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से संघ के जिलाध्यक्ष गेवाराम नेताम, रोशनलाल देव, सुजाता ध्रुव उपस्थित थे।



मां अंगारमोती मंदिर में हवन पूजन एवं विराट भंडारा का आयोजन, हजारों श्रद्धालु उमड़े

# आदिवासी परंपरा तथा वैदिक पूजा का दिखा अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

आदिशक्ति मां अंगारमोती के दरबार में महा अष्टमी पर आदिवासी परंपरा तथा वैदिक पूजा विधान का अद्भुत संगम दिखा। मताा के सिरहा बैगा, पुजारी ने अपनी रूढ़ि परंपरा से माता को रिझाया। वहीं दूसरी ओर मंत्रोच्चार के साथ विद्वान पंडित ने वैदिक विधिविधान से हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया। यहां हवन के लिए बनाए गए 9 कुंड में हजारों श्रद्धालुओं ने आहुति डाली।

सोमवार को गंगरेल स्थित वन देवी मां अंगारमोती के दर्शन पूजा के लिए श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लगा रहा। यहां दर्शनार्थियों की भीड़ इतनी थी कि घंटों कतार में खड़े रहने के बाद माता के दर्शन कर पाए। विभिन्न गांवों से पहुंचे सेवा दल जसगीत गाकर माता का गुणगान करते रहे। गोधूलि बेला में महा अष्टमी का कार्यक्रम शुरू हुआ। आदिवासी समाज तथा माता के पुजारियों ने परंपरागत पूजा अर्चना की। पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि माता के समक्ष पहले पान के 9 पत्ते रखे गए। पान के पत्ते पर 9 देवी के रूप में 9 नींबू रखे गए लाल, काला, सफेद ध्वजा स्थापित किया गया। नींबू, ध्वजा की पूजा कर माता को श्रृंगार साड़ी, चुनरी अर्पित की गई। देव बाजा की धुन में पूजा पाठ के दौरान सिरहा, बैगा, पुजारियों पर माता की सवारी आई। सवारी के साथ नाचते झूमते सिरहा बैगा को फूलमाला से सम्मानित किया गया। सवारी ने माता की डांग डोरी, देव विग्रह के साथ माता दरबार स्थित सभी देवी देवताओं तथा ज्योति कक्षों में जाकर अर्जी विनती की और पूरे परिसर का भ्रमण किया।

इधर माता परिसर में 9 हवन कुंड बनाए गए थे। विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ वैदिक विधिविधान से मां अंगारमोती की पूजा कराई। फिर हवन में अग्नि प्रज्ज्वलित कराकर देवी-देवताओं के नाम से आहुति दिलाई गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। इस अवसर पर आदिवासी परंपरा तथ वैदिक परंपरा, आस्था का अद्भुत संगम को देख लोग रोमांचित हुए।

महा अष्टमी पर आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. एआर ठाकुर, शिवचरण नेताम, अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, उपाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, सचिव ढालुराम ध्रुव, सहसचिव देवानंद नेताम, कोषाध्यक्ष ओंकारसिंह मरकाम, हेमलाल ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर, नरोत्तम सिंह ठाकुर, पुजारी ईश्वर नेताम, मनराखन ठाकुर, उदय नेताम, गणेश्वर ध्रुव, जयपाल सिंह ठाकुर, ललित ठाकुर, छेदप्रसाद कौशिल, नारायण सिंह ध्रुव, ठाकुर राम नेताम, श्रीमती नंदा ध्रुव, श्रीमती शशि ध्रुव, भगतराम उईके, श्रीमती गीता नेताम, रामजी ध्रुव, शत्रुघन नेताम, बलीराम ध्रुव, तुकाराम मरकाम, मानसिंह मरकाम, अर्जुन सिंह कोर्राम, श्रीमती सुखंतीन नेताम, श्रीमती अनीता ध्रुव, दुलार सिंह कोर्राम, सुदर्शन ठाकुर, नकुल नेताम, शिवकुमार कुंजाम, नरेन्द्र नेताम, हरिराम नेताम, टामन मरकाम, श्रीमती नीलिमा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।






### हवन पूजा के बाद विशाल भंडारा

मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि मां अंगारमोती की कीर्ति दिनोंदिन बढ़ रही है। पिछले सारे रिकार्ड तोड़कर इस साल 5300 से अधिक मनोकामना ज्योति श्रद्धालुओं ने जलाई है, जिसमें देश विदेश के लोग भी शामिल हुए। महा अष्टमी पूजा अर्चना के बाद माता के दरबार पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस नवरात्रि में माता के दरबार में एक जंगली हाथी ने भी अपनी हाजिरी दी है।

## खबर संक्षेप





धमतरी। शीतला मंदिर सोरिद वार्ड में 98 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किया गया है।

## निधन

### भागबती साहू



धमतरी। स्थानीय दानीटोला स्कूल चौक निवासी श्रीमती भागबती साहू का निधन 29 सितम्बर को हो गया। वे किशनलाल साहू की पत्नी एवं युवराज साहू की मां थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं वार्डवासी शामिल हुए।

### दीपक फूटान



धमतरी। श्रीराम नवमी आयोजन समिति के संयोजक तीरथराज फूटान (गड्डी) के भतीजा दीपक फूटान (38) पिता स्व. किशन फूटान का सोमवार की शाम निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। अंतिम यात्रा 30 सितंबर को सुबह 10 बजे गृह निवास बनियापारा से शांतिघाट के लिए निकलेगी। वे भाजपा नेता राजकुमार फूटान के छोटे भाई थे।

### लीलेश्वरी निषाद



मगरलोड। ग्राम राजपुर निवासी लीलेश्वरी निषाद उम्र 29 वर्ष का 28 सितम्बर रविवार को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे भरा-परिवार छोड़ गई। वे सेवंतलाल निषाद की पत्नी थी। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### रिसगांव में सास-बहू सम्मेलन एवं स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

# नारी ही परिवार और समाज की धुरी है : अरुण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





ग्राम रिसगांव में स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार विषय पर आधारित सास-बहू सम्मेलन एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा रहे। उनके साथ मंच पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सभापति राजेशनाथ गोसाई एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिनेश्वरी नेताम भी थे।

शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श और प्राथमिक दवाओं का वितरण किया गया। विशेषकर महिलाएं इस स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुईं। सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हुए। मुख्य अतिथि श्री सार्वा ने कहा कि नारी ही परिवार और समाज की धुरी है। यदि महिला स्वस्थ रहेगी, तो पूरा परिवार स्वस्थ और खुशहाल रहेगा। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को समाज के उत्थान के लिए आवश्यक बताया और ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। हृदय साहू, राजेश नाथ गोसाई और श्रीमती दिनेश्वरी नेताम ने भी अपने विचार साझा करते हुए महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पारिवारिक समरसता तभी संभव है, जब महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए सामूहिक प्रयास हों।

मौके पर रिसगांव सरपंच चंद्रकुमार अग्रवानी, करही सरपंच बीरबल पदमाकर तथा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश साहू, सतीश साहू, पवन साहू, खेमेन्द्र साहू, पंचम कश्यप, ईश्वरी नेताम, लव साहू, श्रवण यादव समेत अन्य मौजूद थे।

# शताब्दी वर्ष संचलन में शामिल होने संघ के स्वयंसेवक जुटे



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इस वर्ष अपना 100 वां स्थापना दिवस मना रहा है। स्स्थापना दिवस और विजयादशमीं महोत्सव में शामिल होने संघ के स्वयंसेवकों में भारी उत्साह है। स्वयंसेवक अपने गणवेश को पूरा करने हर तरह के प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित एवं कार्यकर्ता भी गणवेश की खरीदारी कर रहे हैं। नगरी नगर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन की तैयारी के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गणवेश की खरीदारी नगरी स्थित श्रेया कम्प्यूटर से की। इस दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया।

# देवांगन धर्मशाला में अष्टमी पर हवन-पूजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शारदीय नवरात्रि पर देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में स्थापित मां परमेश्वरी की विशेष पूजा-अर्चना सामाजिक बंधुओं द्वारा प्रतिदिन की जा रही है।

सामाजिकजनों ने जीवन में सुख, शांति, समृद्धि के लिए मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की है। प्रतिदिन माता की सेवा में भक्तगण लगे हुए हैं। 27 सितंबर को पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। 30 सितंबर मंगलवार को महा अष्टमी पर्व पर दोपहर 2 बजे हवन-पूजन होगा।

# जसगीत, माता सेवा से गांव का माहौल भक्तिमय

- देवी मंदिरों में प्रज्ज्वलित किए गए मनोकामना ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)





अंचल में क्वांर नवरात्रि का पर्व भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ प्रतिदिन माता सेवा का आयोजन किया जा रहा है। दुर्गा पंडालों एवं देवी मंदिरों में सुबह शाम श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। चिटौद के शीतला माता मंदिर में पंचमी शनिवार को मनाई गई। मां शीतला का विशेष श्रृंगार कर पूजा- अर्चना की गई।

मंदिर समिति के अध्यक्ष रघुवीर साहू ने बताया कि इस वर्ष 47 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। पंचमी पर मंदिर में दिनभर लोगों का तांता लगा रहा। त्रिमूर्ति मंदिर में भी मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। इसी प्रकार गांधी चौक में जय मां भवानी दुर्गोत्सव समिति, जय ठाकुर देव दुर्गोत्सव समिति बालक चौक में मां दुर्गोत्सव समिति द्वारा पंडालों में मां दुर्गा की स्थापना की गई है। ग्राम कनेरी के कंकालिन मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर प्रतिदिन पूजा-अर्चना कर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा ने बताया कि पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। ग्राम जगतरा के दुर्गा मंदिर में भी ज्याति कलश प्रज्ज्वलित किये गए हैं। मंदिरों को आकर्षक लाइट से सजाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने के कारण यहां दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

ग्राम फागुनदाह, उसरवारा, भर्रीगांव, आनंदपुर, चंदनबिरही, बोरिदकला, मुड़खुसरा, पुरूर, बालोदगहन, कुम्हारखान, बागतराई, सोरम, बोरिदखुर्द सहित अंचल के सभी गांवों के देवी मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किये गये हैं।

### नाली, पानी, सड़क निर्माण बंद, पंचायतों के रूके विकास कार्य, ग्रामीणों ने जताई चिंता

# अंचल की अनेक पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



आदिवासी अंचल के कई ग्राम पंचायतों में इन दिनों विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि पंचायत स्तर पर आवश्यक सुविधाओं के लिए प्रस्ताव बने हुए हैं, लेकिन राशि जारी न होने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं।

मूलभूत सुविधाओं पर असर गांवों में पेयजल, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र जैसी योजनाएं अधर में लटकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि छोटी-छोटी आवश्यकताओं पर भी काम रुकने से परेशानियां बढ़ गई हैं।

स्थानीय सरपंचों और पंचों ने बताया कि पंचायतों में राशि की उपलब्धता नहीं होने से कार्य करना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि जब तक आवश्यक वित्तीय आवंटन नहीं होगा, तब तक योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगी।

ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में स्वच्छता, पेयजल और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता तत्काल है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का मानना है कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो आने वाले समय में विकास कार्य और भी पिछड़ जाएंगे।

# आत्मनिर्भर भारत और लता मंगेशकर की प्रेरक गाथा पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- मन की बात का 125वाँ एपिसोड



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 125वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद करते हुए अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक ने देश की बड़ी मदद की है और आने वाले समय में भी इसका उपयोग समाज के हर वर्ग तक पहुँचना चाहिए।

मोदी जी ने इस अवसर पर भारतरत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी की जीवनी और उनके योगदान पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लता जी का जीवन हर भारतवासी के लिए प्रेरणा है, जिन्होंने अपने स्वर से न केवल संगीत को बल्कि देशभक्ति की भावना को भी नया आयाम दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की।

नगरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामूहिक श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, वरिष्ठ नेता कमल डागा, नागेंद्र शुक्ला, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, पार्षद देवचरण ध्रुव, राजा पवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आदि कर्मयोगी अभियान : 83 गांवों के समाज प्रमुखों के साथ कलेक्टर ने बनाई विकास की रूपरेखा

# गांव की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर होंगे कार्य : मिश्रा

- सड़क, पेयजल, सिंचाई, बिजली और कौशल विकास पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी






आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत रिस्पोंसिव गवर्नेंस की भावना को साकार करने के उद्देश्य से नगरी विकासखंड स्थित आदिवासी भवन में एक बैठक हुई। मुख्य अतिथि लेक्टर अबिनाश मिश्रा थे। बैठक में 9 क्लस्टरों से जुड़े लगभग 83 गांवों के समाज प्रमुख, सरपंच, सचिव तथा जिला स्तरीय अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं को समझना और उन पर कार्ययोजना तैयार करना रहा।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि गांव की नींव मजबूत होने पर ही विकास की दिशा तय होती है। ग्रामवासियों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाएंगी ताकि उनके जीवन में स्थायी सुधार लाया जा सके। सभी विभाग के अधिकारी योजना को लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामवासियों की समस्याओं और सुझावों को आधार बनाकर प्रस्ताव तैयार किए जाएं और उन्हें स्वीकृति हेतु उच्च स्तर पर प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने समाज प्रमुखों से आग्रह किया कि वे गांव की भौगोलिक परिस्थितियों, सामाजिक स्थिति, उपलब्ध संसाधनों और प्राथमिकताओं की जानकारी साझा करें, जिससे योजनाएं अधिक व्यवहारिक और जनहितकारी बन सकें।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम स्तर पर छोटे मार्गों का निर्माण, सामुदायिक पेयजल योजना, सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई व्यवस्था, युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार सृजन, विद्युत सब-स्टेशन सहित अन्य बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक के दौरान पंचायत सचिवों द्वारा पीआरओ की जानकारी दी गई।

## अंचल की खबरें

### महावीर चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित



अंवरी। कोलियारी महावीर चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। माता की सेवा में पुजारी गुलाबराम साहू, हितेश साहू, सुखचैन साहू, बाबूलाल साहू, जीतू साहू, गुजंन साहू जुटे हैं।

### संस्कृति महोत्सव में आमदी के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



आमदी(धमतरी)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चता माध्यमिक विद्यालय आमदी के छात्रों ने संस्कृति महोत्सव कुरूद में अपनी क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधाओं में स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत गीत किशोर वर्ग में पुष्पांजलि प्रथम, शिशुवर्ग में तनिशा साहू द्वितीय, गीता पाठ में मोनिका पटेल द्वितीय, कथा कथन शिशु वर्ग में चेतन यादव तृतीय, बाल वर्ग में ठमेशा साहू तृतीय, स्वरचित कविता शिशुवर्ग में प्रियांशी प्रथम, बालवर्ग में झमेश द्वितीय, मूर्तिकला में किशन प्रथम, शास्त्री गायन में साक्षी द्वितीय, शास्त्रीय नृत्य में भारती साहू तृतीय, तबला वादन में टोमेंद्र तृतीय रहे। छात्र-छात्राओं को विद्यालय समिति के अध्यक्ष तेजराम साहू एवं पूर्व छात्रा भूमिका विश्वकर्मा द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। प्राचार्य जनकराम साहू, लिपिक लोमेश्वर साहू, शिक्षक नंदूराम कुम्भकार , प्यारेलाल साहू, चंद्रहास साहू, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवलराम, शिक्षिका उर्मिला साहू, प्रेम साहू ,लक्ष्मी साहू, चमेली साहू, नर्मदा पटियारा, तारिणी साहू, तेश्वरी पटेल , लोमिका साहू, रेणुका साहू ने हर्ष जताया है।

### तहसील साहू समाज भखारा के कामता अध्यक्ष, भारती सचिव बने



कोर्रा(भखारा)। तहसील साहू समाज भखारा का चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद हेतु कामता साहू, प्रहलाद साहू, अमरदीप साहू ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पश्चात परिक्षेत्र अध्यक्षों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष कामता साहू भैंसबोड़, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू कोसमर्रा, दमयंती साहू रींवागहन, सचिव भारती साहू भखारा, जितेंद्र साहू मडईभाठा को निर्विरोध निर्वाचित किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला साहू समाज अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मौके पर जिला साहू संघ उपाध्यक्ष केकती साहू, गणेशराम साहू, नम्मूराम साहू, चंद्रप्रकाश साहू, डूमेंद्र गंगबेल, भागेश हिरवानी, डमेश साहू, झम्मन साहू, रमेश साहू, हेमलता हिरवानी, उमेन्द्र साहू, संतोष साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### सड़क पर हुए गड्ढे को स्वयंसेवकों ने किया समतल



कोर्रा(भखारा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। स्वयंसेवकों ने प्राचार्य रवींद्र कोसरे एवं कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा के मार्गदर्शन में खेल मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने लगभग 10 किलो प्लास्टिक एवं डिस्पोजल इकट्ठा कर प्लास्टिक को उचित ढंग से डिस्पोज किया। एक दिन ,एक साथ, एक घंटा श्रमदान थीम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। गाड़ाडीह से पचपेड़ी पहुंच मार्ग पर बारिश के कारण गड्ढे होने के कारण लोगों को आवागमन में समस्या आ रही थी जिसे स्वयंसेवकों ने समतल किया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता मेघराज साहू, कमलेश कंवर, प्रदीप मानिकपुरी, सुशील बघेल एवं व्यायाम शिक्षक सुरेश निषाद का सहयोग रहा।

### डांडेसरा में स्वस्थ मां दिवस मनाया गया





डांडेसरा(धमतरी)। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत उप स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम डांडेसरा में स्वस्थ मां दिवस मनाया गया। इस दौरान गांव के सभी 60 वर्ष से अधिक महिलाओं के बीपी, शुगर और कैंसर की जांच की गई। जांच के पश्चात दवाई दी गई। कार्यक्रम में सरपंच खुमेश्वरी साहू, पटवारी विरेन्द्र बैस, डॉ. केबी पाल, तारेन्द्र साहू, ढालसिंग दीवान, टिकेश्वर साहू, एमटी पूर्णिमा साहू, मितानिन शिवकुमारी साहू, बिन्दु साहू, कुन्ती नेताम, परागा साहू, धनेश्वरी साहू, शकुन साहू एवं नीरा निषाद उपस्थित थे।

## अंचल में विराजीं मां दुर्गा



मगरलोड। ज्ञान मूर्ति दुर्गा उत्सव समिति, पुराना बस स्टेशन



मगरलोड। महाव्यापारी संघ दुर्गा उत्सव समिति



पुरूर। जय भवानी दुर्गोत्सव समिति गांधी चौक चिटौद



मगरलोड। आदर्श मिलन चौक अरौद।



पुरूर। जय मां शीतला मंदिर चिटौद



पुरूर। जय ठाकुरदेव दुर्गोत्सव समिति ग्राम चिटौद

### मां की आराधना में डूबे भक्त



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला के आजाद चौक बांधापारा में नवरत्न दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा की प्रतिदिन माता की सेवा की जा रही है। ग्रामीण मां की भक्ति में डूबे हुए हैं।

### तेंदूभाठा में 183 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



**मगरलोड।** ग्राम तेन्दूभाठा में नीराबाई भक्तिन के निवास में मां दुर्गा, मां काली का मंदिर स्थापित है। क्वांर नवरात्रि में घी की 34 और तेल की 149 ज्योति सहित कुल 183 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। माता की भक्ति में श्रद्धालु जुटे हुए हैं।

### मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने भक्तों की भीड़ उमड़ी





**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मां बम्लेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योति की स्थापना की गई है। श्रद्धालुओं ने 52 ज्योति कलश जलाए हैं। पंचमी को माता का विशेष श्रृंगार किया गया। चना दाल, गुड़, मिश्री, ऋतुफल समेत 56 प्रकार का भोग माता को अर्पित किया गया। माता के दरबार में 9 दिन जसगीत का कार्यक्रम रखा गया है। मंदिर में माता के दर्शन करने के लिए हर दिन भक्तों की भीड़ लग रही है।

## जहर सेवन से दो की मौत

**धमतरी।** अलग-अलग घटनाओं में अधेड़ व युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया निवासी व्यासनारायण विश्वकर्मा पिता धरमसिंह उम्र 36 वर्ष मजदूरी का कार्य करता था। रविवार की रात्रि अज्ञात कारणों से युवक ने अपने घर पर कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान युवक की रविवार की रात्रि मौत हो गई। युवक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। अन्य घटना में स्थानीय अधारी नवागांव निवासी श्रवण साहू पिता गौर उम्र 52 वर्ष महीने भर से लगातार शराब सेवन कर रहा था। रविवार की रात्रि परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। इसी दौरान अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। अधेड़ ने रात्रि लगभग दो बजे सो रहे अपने बेटे को उठाकर जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। परिजन तत्काल अधेड़ को उपचार के लिए पहले निजी अस्पताल ले गए। उसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह अधेड़ की मौत हो गई।

2 को शिवाजी शाखा में सुबह 6 बजे शस्त्र पूजन, 6 को विजयादशमी महोत्सव मनेगा

# संघ का शताब्दी वर्ष मनाने जुटे स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस गौरवपूर्ण क्षण का सहभागी बनने 1925 से लेकर अब तक संघ से जुड़े सभी स्वंयसेवकों से संपर्क कर उन्हें गणवेश पहनने, संघ का प्रथम स्थापना दिवस और विजयदशमी महोत्सव, शस्त्र पूजन में शामिल होने आग्रह किया जा रहा है।

नगर की मराठापारा बस्ती में मराठापारा, बांसपारा, सदर दक्षिण वार्ड को शामिल किया गया है। वहीं गोकुलपुर बस्ती में गोकुलपुर, रामपुर, महात्मा गांधी वार्ड से लेकर रूद्री तक को शामिल किया गया है। रविवार को शिवाजी प्रभात शाखा नूतन स्कूल में मराठापारा बस्ती का एकत्रीकरण कार्यक्रम रखा गया था। इस एकत्रीकरण में सुबह 6 बजे मराठापारा सहित आसपास के पुराने स्वयंसेवक शामिल हुए। योग, आसन, सूर्य नमस्कार के बाद सभी स्वयंसेवकों ने दण्ड रखने का अभ्यास किया। तत्पश्चात नए, पुराने सभी स्वयंसेवकों ने पथ संचलन का अभ्यास किया।

प्रार्थना पश्चात विकिर कर शताब्दी समारोह की निमित्त बैठक रखी गई। बैठक में नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र ने सभी स्वयंसेवकों से परिचय प्राप्त कर शताब्दी वर्ष में हमें क्या-क्या करना है, इस पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को शिवाजी शाखा में सुबह 6 बजे शस्त्र पूजन किया जायेगा। सभी स्वयंसेवकों से गणवेश में उपस्थिति का आग्रह किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 अक्टूबर को विजयादशमी महोत्सव बस्ती सह मनाया जायेगा। मराठापारा बस्ती में मराठापारा, बांसपारा, सदर दक्षिण वार्ड में निवासरत स्वयंसेवक शामिल होंगे। विजयादशमी महोत्सव दोपहर 3 बजे नूतन स्कूल प्रांगण में होगा जहां से पथ संचलन प्रारंभ होगा। बस्ती के वार्डों में भ्रमण पश्चात पुनः स्कूल परिसर में एकत्रीकरण होकर सभा होगी। यहां केन्द्रीय या प्रांतीय स्तर के पदाधिकारियों का मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन प्राप्त होगा। इसी तरह अन्य बस्तियों में भी बैठकों का दौर चल रहा है। राजिम विभाग सह कार्यवाह घनश्याम साहू, नगर सह संघचालक महेश शर्मा, नगर कार्यवाह मोहित साहू, नगर सह कार्यवाह रवि शर्मा तैयारियों में जुटे हुए हैं।

मराठापारा बस्ती की बैठक में प्रमुख रूप से शिरोमणि राव घोरपड़े, राघोराव रणसिंह, प्रतापराव कृदत्त, विनोदराव रणसिंह, गोपाल रणसिंह, ऋषिकांत सिन्हा, कैलाशराव भोसले, ऋषभ घोरपड़े, प्रदीप अग्रवाल, सतीश भांडुलकर, शिवाजीराव भोसले, योगेश जगताप, सुनील राव घाटगे, शिवाजी साहू, दिनेश, देवेन्द्र गुप्ता, खुशहाल यादव, अरूण सोनकर, नेहिल गजेन्द्र, शिव नेताम, भागवत यादव, धनेश्वर यादव, दीपक देवांगन, विनोद साहू उपस्थित थे। यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट ने दी है।

# कालेज छात्रों ने पंचमी पर शीतला मंदिर में की सेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में डॉ.मनदीप खालसा प्राचार्य की अध्यक्षता एवं प्रो.आर.आर.मेहरा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में रासेयो इकाई द्वारा नवरात्रि की पंचमी पर मां शीतला मंदिर सिहावा में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की। गत 25 वर्ष से यह सेवा महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही है। रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिये भोजन बनाने एवं परोसने का कार्य किया गया। साथ ही मंदिर में व्यवस्था बनाने, वाहन पार्किंग, श्रद्धालुओं को पानी पिलाने आदि में सहयोग किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सेवा गीत की प्रस्तुति की गई। इससे प्रसन्न होकर मंदिर समिति द्वारा श्रीफल एवं माता का छायाचित्र भेंट किया गया। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ने सभी स्वयंसेवकों के सुखद भविष्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर डॉ. ममता सौरज, स्वयंसेवक दीपांशु दीवान, हिमांशु कोसरे, गीतेश्वर ध्रुव, चिरंजीव ठाकरे समेत स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# महामाई धाम फरसियां में जगमगा रहे 659 ज्योति कलश



- पंचमी में किया गया माता का विशेष श्रृंगार पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



सर्वधर्म तीर्थ स्थल महामाई धाम फरसियां में शारदीय नवरात्र पर्व में 659 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। पंचमी पर विशेष श्रृंगार पूजन में भक्तों की भीड़ लगी रही। 16 पाली समिति के अध्यक्ष जवाहर लाल मरकाम,सचिव नीरज सोन,उपाध्यक्ष गजानंद कश्यप ने बताया कि पतित पावनी,पापमोचनी चित्रोत्पला गंगा महानदी का उद्गम स्थल एवं महानंद बाबा की तपोस्थली है। जहां पर महामाई स्वयं आदिकाल से अटूट शक्तियों से लोगों की मनोकामना पूर्ण करती आ रही है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महामाई मंदिर में शारदीय नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है, 16 पाली में शामिल ग्राम, आसपास के अंचल के गांव सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रजवल्लित की जाती है। पंचमी के पावन अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार कर पूजन अर्चन किया गया। हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों ने माता के दर्शन कर अपनी मन्नतों की पूर्ति के लिए श्रृंगार सामग्री माता को भेंट किये।

समिति के कैलाश सोन, अरुण प्रजापति ने बताया कि 30 सितंबर को अष्टमी के दिन हवन-पूर्णाहुति की जाएगी जिसमें सभी मनोकामना ज्योति धारकों सहित समस्त श्रद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होंगे। समिति के प्रयाग बिसेन, हरचंद साहू, दीनदयाल ग्वाले, राधेश्याम ध्रुव, राधेश्याम साहू, खेमसिंग चनाप, कमलेश ध्रुव, राजेन्द्र तारम, यशवंत साहू, भीमसेन गजेंद्र, रेखाराम साहू, जोहन मरकाम, हिरासिंह ध्रुव, भानुराम साहू, टिकेश्वर समुंद, चंद्रहास यादव, रज्जू ध्रुव, कन्हाई मरकाम आदि सेवा में जुटे हुए हैं।

# अच्छे मित्र बनाएं, सत्संग का लाभ लें : गोवर्धन



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम राजपुर में निषाद परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन 28 सितम्बर रविवार को हुआ। समापन दिवस पर कथावाचक महामंडलेश्वर महंत गोवर्धनशरण व्यास ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है। इस संसार में अच्छे मित्र बनाएं तथा सत्संग का लाभ लें।

सत्संग करने से मनुष्य का जीवन बदल जाता है। मनुष्य को अच्छे गुणों को अपनाना चाहिए। माता-पिता की सेवा तथा गौ सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम है। दूसरों की बुराइयों से बचे, सार्थक जीवन अपनाएं। मानव जीवन बहुमूल्य है। इसका सही उपयोग करें। कथा स्थल में गीता हवन की पूर्णाहुति दी गई। श्रीमद् भागवत गीता की शोभायात्रा निकाली गई। प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने कौशल्या भंडार में प्रसादी ग्रहण गया। इस दौरान आयोजनकर्ता कन्हैया निषाद, शंभू निषाद, यशवंत निषाद, टार्जन निषाद, जितेन्द्र निषाद, वरूण निषाद, रामकुमार निषाद, ओमप्रकाश निषाद, राजेन्द्र निषाद, सुदामा निषाद, डीहूराम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पटेल समाज भवन में नौ कन्या भोज हुआ



- राजपुर में श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम सांकरा स्थित कोसरिया मरार पटेल सामाजिक भवन में क्वांर नवरात्रि पर श्रद्धा और उल्लास के साथ मां दुर्गा के नव स्वरूप की पूजा-अर्चना एवं नौ कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत ज्योत प्रज्ज्वलन से हुई। इसके पश्चात पंडित उदेभानु दीवान ने पूरे विधि-विधान से पूजन एवं हवन कर मां दुर्गा की आराधना की। परंपरा अनुसार नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। कार्यक्रम में सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, पटेल समाज ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, रामसाय पटेल, भागवत पटेल, युवराज पटेल, खेदुराम पटेल, नंदू पटेल, अश्वनी पटेल, पुनीत पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, कोषाध्यक्ष बेदन पटेल, तीरथ पटेल, मनोज पटेल, रामाधार पटेल, ऋषि पटेल, उपेंद्र पटेल, ठाकुरराम पटेल, जहुर सिंह पटेल, प्रदीप पटेल, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजू पटेल ने दी।

सेंसर बोर्ड से बैन लगी जानकी फिल्म के लिए मांगा समर्थन

# दशहरा महोत्सव में पहुंचीं छालीवुड हीरोइन अनिकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





कुरुद दशहरा महोत्सव के पांचवें दिन छालीवुड इंडस्ट्रीज के प्रसिद्ध लोक कलाकार उर्वशी साहू एवं उपासना वैष्णव ने कचरा-बोदरा कॉमेडी वाले अपने हास्य प्रहसन की प्रस्तुति देकर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। इनके साथ प्रदेश की महशूर हीरोइन अनिकृति चौहान, फ़िल्मि जानकी के निर्माता निर्देश मोहित साहू ने भी शिरकत की और सेंसर बोर्ड द्वारा उनकी इस नई फिल्म पर लगाई गई रोक के खिलाफ जनसमर्थन मांगा।

रविवार को नगर दशहरा समिति के बैनरतले पुरानी मंडी कुरुद में आयोजित कार्यक्रम में उर्वशी साहू कृत मया के संदेश के कलाकारों एवं आमंत्रित अतिथियों का समिति के महासचिव एवं समिति सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ी फिल्म की हीरोइन अनिकृति चौहान ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकार और सम्मान के लिए हमने जानकी नाम से फिल्म बनाई है। उसे मुंबई में बैठे सेंसर बोर्ड के अधिकारी मान्यता नहीं दे रहे हैं लेकिन भले वे उन्हें मान्यता न दे, हमारी फ़िल्मि आगामी दिनों में एक प्लेटफार्म में रिलीज होने जा रही है। उसे आपके स्नेह और सहयोग से सुपर-डुपर बनाना है। इसके बाद उर्वशी साहू व साथी कलाकारों ने देवी भक्ति गीतों एवं ददरिया के साथ अपनी प्रस्तुति दी। मंच संचालन प्रभात बैस ने किया। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि आयोजन समिति के संरक्षक अजय चंद्राकर के सहयोग से कुरुद का नगर दशहरा महोत्सव नीत नये आयाम को छू रहा है। इस अवसर पर बतौर अतिथि नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष राजकुमारी दीवान के अलावा नये पुराने पार्षदगण, आयोजन समिति से जुड़े सदस्य एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# सिहावा अंचल का देवदशहरा पर्व धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



- मल्हारी में नवरात्रि के दौरान दीप प्रज्ज्वलन एवं देवी पूजन निषिद्ध

सिहावा अंचल का ऐतिहासिक देव दशहरा पर्व रविवार को अंचल के प्रथम पूज्य ठाकुरदेव जी महाराज के धराधाम मल्हारी में विधि-विधान एवं आस्था के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंचल के पुजारी विजय कौशल के मार्गदर्शन में ठाकुर देव समिति, मां जगतारनी शीतला समिति सिहावा, भूमकाल गण सिहावा सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं अंचलवासी उपस्थित थे। पुजारी चैनसिंह कौशल ने बताया कि ठाकुरदेव महाराज सिहावा अंचल के सर्वोपरि एवं प्रथम पूजनीय देवता हैं। उनकी महिमा प्राचीन समय से चली आ रही है और अंग्रेज शासनकाल में भी उनके प्रभुत्व से अंग्रेज भयभीत रहते थे। आगे बताया कि अंचल के सभी आराध्य देव ठाकुरदेव की अगुवाई में कार्य करते हैं। यही कारण है कि मल्हारी में नवरात्रि के दौरान दीप प्रज्ज्वलन एवं देवी पूजन निषिद्ध है, क्योंकि यहां स्वयं बाबाजी पूर्ण शक्ति स्वरूप विराजमान हैं। इस अवसर पर मंगाऊराम बरबांधा, अरविंद नेताम आमगांव, शंकरलाल पटेल भुरसीडोंगरी, हीरालाल नेताम हिर्री, कलमसिंग पवार देउरपारा, बलदेव निषाद सिहावा, अंजोरसिंह निषाद हीरापुर, रामप्रसाद मरकाम कुहीनपारा, भरत साक्षी बांधा, राजाराम मरकाम नगरी, कुलेश्वर पटेल सांकरा, ईश्वर निषाद रानीगांव, लीलंबर शेष, गणेश सूर्यवंशी उमरगांव, कोमल गादुलबाहरा तथा ग्राम मल्हारी के हुलासराम सोम, श्यामशंकर सोम, सालिक चंद्रवंशी, राकेश बिसेन, बृजभूषण नागवंशी, दिलीप सोम समेत अन्य मौजूद थे।

# स्वच्छता को हमें जीवन का मूल्य बनाना होगा : सीपी

**धमतरी।** जिला सहकारी संघ धमतरी द्वारा कुरूद विकासखंड अंतर्गत पैक्स कोकड़ी के ग्राम पंचायत भवन में छग का रजत जयंती वर्ष 2025 तथा सेवा पखवाड़ा के तहत संगोष्ठी कार्यक्रम हुआ। अतिथि प्राधिकृत अधिकारी दिलीप कुमार चक्रधारी, सरपंच गोपेश्वर साहू, को-ऑपरेटिव बैंक शाखा नारी के पर्यवेक्षक नरेश कुमार साहू, जिला सहकारी संघ धमतरी के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू, प्रबंधक एपी गुप्ता, प्रवक्ता डॉ एएन दीक्षित थे। पैक्स कोकड़ी के प्राधिकृत अधिकारी श्री चक्रधारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण गोष्ठी में दी जा रही जानकारी का हम सबको लाभ उठाना चाहिए। सरपंच श्री साहू ने कहा कि अन्न भंडारण के लिए गोदाम की जरूरत है। पर्यवेक्षक श्री साहू ने कहा कि सहकारी समिति सभी के सहयोग से संचालित होती है।

# तीन मोटरपंप से निकल रहा तेलयुक्त व गंदा पानी, एक पर निर्भर हुए ग्रामीण

## मोहलाई में नल जल योजना का कार्य अधूरा, पानी के लिए भटक रहे लोग

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत सियादेही के आश्रित ग्राम मोहलाई के ग्रामीणों का जन जीवन हर मौसम में अस्त व्यस्त रहता है। गर्मी के दिनों में ग्रामवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते हैं। वहीं अन्य ऋतुओं में गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन आधी अधूरी है। इस योजना के लिए क्रियान्वयन के लिए ट्रांसफार्मर लगाया गया है लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं दिया गया है। शुद्ध पानी के लिए फिल्टर मशीन लगाई गई लेकिन अभी तक चालू नहीं हो पाई है। पूर्व उपसरपंच योगेश्वर ध्रुव ने बताया कि ग्राम मोहलाई में नल जल योजना का कार्य धमतरी के किसी ठेकेदार को किया गया है। उसने काम को अधूरा छोड़ दिया है। इसकी जांच संबंधित विभाग द्वारा एक बार भी नहीं की गई है। गौरतलब है कि ग्राम मोहलाई में चार मोटरपंप है जिसमें से तीन मोटरपंप से पानी तेलयुक्त तथा गंदा पानी निकलता है। मात्र एक मोटरपंप चालू है लेकिन सभी को पानी नहीं मिल पा रहा है। पूर्व उपसरपंच ने बताया कि जो मोटरपंप चल रहा है, उसका केबल जमीन पर दलदल और पानी से होकर ले जाया गया है। यदि केबल फटा या करंट सप्लाई हुआ तो जन, पशु धन की हानि हो सकती है। पूर्व उपसरपंच सहित ग्रामीण उत्तम मरकाम, रायसिंग सोरी, टकेश्वर यादव, मन्नू निर्मलकर, रामकृष्ण यादव, जिलेराम परते ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम मोहलाई में नल जल योजना के अधूरे कार्य को पूर्ण करें ताकि जनता शुद्ध जल प्राप्त हो सके।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं– स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा
स्कीन टाइटिंग व रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# ई-रिक्शा पलटने से श्रद्धालुओं को आई चोटें, पुलिस ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

माता रानी के दर्शन के लिए गंगरेल जा रहे श्रद्धालुओं से भरा ई- रिक्शा पलट गया। इस घटना में महिलाओं और बच्चों को हल्की चोट आई है। घटना रविवार की है। ज्ञात हो कि एक ई-रिक्शा में सवार होकर कुछ महिलायें और बच्चे गंगरेल स्थित मंदिर दर्शन के लिये गये थे। इस दौरान सड़क के गड्ढे और कीचड़ की वजह से ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई रिक्शा में सवार सभी लोग सड़क पर गिर गये। हादसे में किसी को ज्यादा चोट नहीं आई। मौके में मौजूद लोग और पुलिसकर्मियों ने उनकी मदद की और रिक्शा को सीधा किया।

# दो और आरोपियों की अग्रिम जमानत नामंजूर

**धमतरी।** शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा में दो और आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई है। प्रकरण में आरोपी पूनम सोनवानी और श्रीमती युकेश साहू ने विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी एक्ट के सामने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था। सोमवार को इस मामले में सुनवाई हुई, जिसमें दोनों की अग्रिम जमानत नामंजूर कर दी गई।

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
न्यूरोलॉजी विभाग
• स्ट्रोक, लकवा, पैरालिसिस, चक्कर आना (वरटिगो)
• सरदर्द, माइग्रेन
• गर्दन दर्द (स्पाण्डयूलाइटिस) एवं कमर दर्द (साइटिका)
• मिर्गी/झटके की बीमारी, कम्पन्नवात् (पार्किन्सन डिसीज)
• 24x7 Dedicated Neuro ICU
• EEG, EMG, NCV, MRI, CT Scan 24x7
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कारपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. सी.एम. सिंह DM, Neurology
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी
LASER HAIR REMOVAL
VITILIGO/WHITE PATCH
LASER MOLE REMOVAL
TATTOO REMOVAL
FUNGAL INFECTION
HAIR TREATMENT
Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023
GLOBAL ICON AWARDS 2023
समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :- सोमवार से शनिवार सुबह 11 से शाम 6 बजे तक

CHATTERJEE Pathology Lab
Start the Month with savings
40% OFF on all test on 1st of every month
Dr. Kritika Chatterjee (MBBS, MD Pathology)
7057689289
Chatterjee Hospital, Ambedkar chowk Puliya, Rudri Road, Dhamtari

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि - स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल
कैंसर के ख़िलाफ़, सदैव आपके साथ
कैंसर जीवन का अंत नहीं-
सही विशेषज्ञ, सही जगह, सही समय
संभव है पूर्ण इलाज।
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, 7389905010, 07714081010

।। श्री गणेशाय नमः ।।
श्री दक्षिण काली महायज्ञ नवरात्र साधना
महाअष्टमी हवन पूजन एवं विराट भंडारा
• कार्यक्रम विवरण •
दिनांक : 30 सितंबर 2025, मंगलवार
हवन यज्ञ : सुबह 10.30 से 2 बजे तक
विराट भंडारा : दोपहर 2.30 से 6 बजे तक
स्थान : श्री ज्ञानेश्वर जी महाराज निवास, ग्राम संबलपुर, धमतरी (छ.ग.)
श्री ज्ञानेश्वर जी महाराज
अशोक गुप्ता संरक्षक
दुर्गेश नंदनी यादव संरक्षक
महावीर सिन्हा अध्यक्ष
देवेन्द्र साहू उपाध्यक्ष
विकास साहू उपाध्यक्ष
ममता पटेल कोषाध्यक्ष
बरखा साहू सचिव
पुलकित सिन्हा कार्यक्रम संचालक
नीरज सोनी कार्यक्रम संचालक
डुमन लाल ध्रुव कार्यकर्ता
दुष्यंत कुमार कार्यकर्ता
मनसुख साहू कार्यकर्ता
मीना बाबर कार्यकर्ता
दिप्ती सोनी कार्यकर्ता
आयोजक - श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति संबलपुर, जिला-धमतरी, छ.ग.